an>

Title: Demand to allocate fund for construction of new building of Kendriya Vidyalaya, Bandar Sindri in Ajmer, Rajasthan.

श्री भागीरथ चौधरी (**अजमेर**): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत आभार कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, मेरे अजमेर संसदीय क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय बान्दरसिन्दरी राजस्थान, केन्द्रीय विश्वविद्यालय किशनगढ़ (अजमेर) को वर्ष 2017-18 में उच्चतर अधिगम संस्थान (एच.एल.आई.) प्रोजेक्ट सेक्टर के अंतर्गत कक्षा 8 तक खोला गया था । जहाँ प्रथम वर्ष नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 262 थी, जो कि तीन शैक्षणिक सत्र पश्चात वर्तमान सत्र 2020-21 में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या दोगुनी बढ़कर 417 हो गई है । वर्तमान में विद्यालय कक्षा 10 तक संचालित है । वर्ष 2019-20 में कक्षा 10 में 20 विद्यार्थी अध्ययनरत थे । इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम उच्च गुणवत्ता के साथ 100 प्रतिशत रहा है । वहीं एक विद्यार्थी ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर केन्द्रीय बोर्ड सूची की मेरिट में अपना स्थान प्राप्त किया है ।

महोदय, उक्त विद्यालय वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर में स्थित सी.पी.डब्ल्यू.डी. के भवन में अस्थायी रूप से संचालित है । इसके ऊपरी मंजिल पर सी.पी.डब्ल्यू.डी. का कार्यालय संचालित होने से दिनभर उनके कार्मिकों की आवाजाही से भी शैक्षणिक गतिविधियाँ बाधित हो रही हैं । इस अस्थायी विद्यालय भवन के वर्तमान कक्षा कक्ष 25 से 30 विद्यार्थियों की क्षमता वाले हैं । जब कि प्रत्येक कक्षा में 44 से ऊपर विद्यार्थी अध्ययनरत हैं । उक्त विद्यालय में लगभग 21 कर्मचारी कार्यरत हैं । इनके आवास की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण समस्त कार्मिक जयपुर अथवा किशनगढ़ से प्रतिदिन अनेक समस्याओं के साथ आवागमन करते हैं । वहीं दूसरी ओर विद्यालय में सी.बी.एस.ई. तथा के.वी.एस. के नियमानुसार कक्षा कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, कला

कक्ष, संगीत कक्ष, कार्यानुभव कक्ष, खेलकूद विभाग, पुस्तकालय भवन एवं खेल मैदान भी उपलब्ध नहीं हैं। इससे अध्ययनरत विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों में रोष व्याप्त है। उक्त विद्यालय के साथ शुरू हुए नागौर, तिवरी (जोधपुर) एवं पाली के केन्द्रीय विद्यालयों में अपने स्वयं का भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ-साथ कक्षा-12 तक क्रमोन्नत होने के लिए तैयार हैं।

महोदय, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री महोदय से निवेदन है कि आप इस विषय पर अविलम्ब संज्ञान लेकर केन्द्रीय विद्यालय बान्दरसिन्दरी, किशनगढ़ के नवीन भवन निर्माण एवं आवश्यक सुविधाओं हेतु बजट आवंटन, आगामी बजट 2022-23 की विभागीय कार्य-योजनाओं में स्वीकृत कराने हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों को निर्देशित करें।